Judl./Civi
Part I-4

2020 / 00050

# सरबरक

[कायदा 129]

[General Rules (Civil), Rule 129, Appendix 'B', Form No. 8]

20/10/20
12/1/21
18/3/21
20/5/21
22/7/21
5/10/21
15/3/22
21/6/22

1. नाम अदालत S.D.M. बनेड़ा

2. नियम मुकदमा 111 व 128 L.R. Act

3. उनवान मुकदमा रामपाल खारोल v/s रामलाल खारोल वगैरा

4. नम्बर व सन् मुकदमा 44/2020

5. तारीख दायरा 11/3/2020

6. तारीख फैसला फैसला 20-5-22

7. तारीख दाखिल होने मुहाफिजखाना 5/5/2020

8. अपील या निगरानी की तारीख फैसला

9. किस्म मिसल या हिस्सा ग्राम

10. किस्म रेकर्ड ग्राम कल्याणपुरा

11. (अ) तारीख जिस पर की हिस्सा 'डी' तलफ करना हैं

(ब) तारीख जिस पर कि हिस्सा 'डी' तलफ किया गया

Signature Not Verified
Digitally signed by Anshul Singh
Date: 2022.05.27 16:21:57 IST
Reason: SelfAttested

12. (अ) तारीख जिस पर कि हिस्सा 'सी' तलफ करना है

(ब) तारीख जिस पर कि हिस्सा 'सी' तलफ किया गया

13. (अ) तारीख जिस पर कि भाग 'बी' तलफ करना हैं

(ब) तारीख जिस पर कि भाग 'बी' तलफ किया गया

14. (अ) तारीख जिस पर कि भाग 'ए' तलफ करना है

App. A
Crim - I

FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

# न्यायालय उपखण्ड एवं उपजिला मजिस्ट्रेट

बनेड़ा जिला भीलवाड़ा (राजस्थान)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी बनेड़ा मुकाम बनेड़ा

रामपाल खारोल वगै० बनाम रामलाल खारोल वगै०

किस्म मुकदमा 111 व 128 L.R. Act नं. 44 सन् 2020

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशयल्य जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | 11/3/2020<br>वकील प्रार्थी द्वारा प्रा० पत्र पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 L.R. Act विरूद्ध विपक्षीगण पेश किया गया। प्रा० पत्र पत्र बाद जॉच दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षी गण की तलबी हेतु पत्रावली दिनांक 5/5/2020 को पेश हो।<br>5/5/20<br>पत्रावली पेश हुई उभय पक्ष उपस्थित पिठासीन अधिकारी का स्थानान्तरण / दौरे अवकाश में पधारें हैं / अन्य राजकार्य में व्यस्त है / अतः अवकाश कोविड 19 पत्रावली साबिक आदेश दिनांक 13/10/020 को पेश हो।<br>आज्ञा से<br>रीडर<br>13/10/20<br>पत्रावली पेश हुई उभय पक्ष उपस्थित पिठासीन अधिकारी का स्थानान्तरण / दौरे अवकाश में पधारें हैं / अन्य राजकार्य में व्यस्त है / अतः अवकाश पत्रावली साबिक आदेश दिनांक 20/10/20 को पेश हो।<br>आज्ञा से<br>रीडर | |

Signature Not Verified
Digitally signed by Anshul Singh
Date: 2022.05.27 16:21:57 IST
Reason: SelfAttested

| तारीख हुक्म 44 /2020 | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 20/5/22 | पत्रावली आज दिनांक को प्रशासन गांव के संग अभियान फोलोअप केम्प के तहत केम्प कोर्ट **सरदारनगर** पर पेश हुई। प्रकरण को अवलोकन किया गया। अवलोकन से **प्रार्थीगण** अपनी खातेदारी भूमि की पत्थरगढी करवाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके पक्ष में **प्रार्थीगण** द्वारा ग्राम **कल्यणपुरा** जमाबंदी संवत् **2071 से 2074** तक की संलग्न की गयी है। प्रकरण मूल रूप से **पत्थरगढी/सीमांकन** से संबंधित होने से किसी अन्य खातेदारान/पड़ौसियान के हक अधिकार प्रभावित नहीं होते है न ही किसी प्रकार के हक अधिकार निर्धारित किये जाते है। **प्रार्थीगण** के प्रार्थना पत्र में अपनी खातेदारी भूमि की पत्थरगढी बाबत वर्णित तथ्यों से मेरा समाधान हो जाने से **प्रार्थीगण** का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित समझता हूं। अतः **प्रार्थीगण** का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। निर्णय अलग से लिखाया जाकर शामिल पत्रावली करवाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।<br><br>उपखण्ड अधिकारी<br>बनेड़ा | |

Signature Not Verified

Digitally signed by Anshul Singh
Date: 2022.05.27 16:21:57 IST
Reason: SelfAttested

प्रशासन गांवों के संग फोलो अप केम्प सरदारनगर

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बनेड़ा जिला भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारी अंशुल सिंह आर0ए0एस0

मुकदमा नम्बर – 44 /2020 राजस्व प्रार्थना पत्र

उनवान

1– रामपाल पिता बद्री खारोल निवासी कल्याणपुरा
2– जशोदा पुत्री बद्री ना.बा.व.वि. बहिन भगवानी पुत्री बद्री खारोल निवासी कल्याणपुरा
3– भगवानी पुत्री बद्री खरोल निवासी कल्याणपुरा
4– खानी पुत्री रायमल खारोल निवासी कलयाणपुरा

–प्रार्थीगण

बनाम

1– रामलाल पिता लक्ष्मण खारोल निवासी श्रीजीका खेड़ा
2– सांवता पिता उदा खारोल निवासी कल्याणपुरा
3– नारायण पिता राजू खारोल निवसी श्रीजीका खेड़ा
4– शंकर पिता भेरू खारोल निवासी कल्याणपुरा
5– तहसीलदार बनेड़ा

–विपक्षीगण

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956**

## निर्णय

दिनांक :– 20/05/2022

**प्रार्थीगण** की और से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राज०भू०राज० अधिनियम 1956 के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम **कल्याणपुरा** प0ह0 **सुल्तानगढ** भू०अ०नि० **सरदारनगर** तहसील **बनेड़ा** जिला **भीलवाड़ा** में स्थित आराजी नम्बर **148, 179/2, 179/3, 219, 317, 318, 321** कुल **किता 7** रकबा **4–15 बीघा** के खातेदार काश्तकार है। वादग्रस्त आराजियात की भूमि के विपक्षीगण पडौसी है। प्रार्थीगण एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता है। इसलिए **प्रार्थीगण** अपने खाते की कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहते हैं। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावें।

**प्रार्थीगण** का प्रार्थना पत्र पंजीबद्ध किया गया। पत्रावली का एवं प्रस्तुत खाते की नकल जमाबंदी का अवलोकन किया गया। **जमाबन्दी सम्वत 2071 से 2074 ग्राम कल्याणपुरा** प0ह0 3 **भू०अ०नि० सरदारनगर तहसील** बनेड़ा जिला भी... में स्थित **आराजी नम्बर** 148, 179/2, 179/3, 219, 317, 318, 321 कुल किता 7 रकबा 4–15 बीघा भूमि प्रार्थीगण के नाम दर्ज होकर संयुक्त खातदोरी खातेदार है। प्रार्थीगण अपनी उक्त कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने के अधिकारीं है। इस आदेश से किसी भी पक्षकार का राजस्व अभिलेख में किसी प्रकार का हक व अधिकार तय नहीं होते है तथा न किसी प्रकार से अधिकार निर्धारित किये जाते है। अतः नैसर्गिक सिद्धान्त के आधार पर **प्रार्थीगण** का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य है। अतः **प्रार्थीगण** का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित समझता हूं।

Signature Not Verified
Digitally signed by Anshul Singh
Date: 2022.05.27 16:21:57 IST
Reason: SelfAttested

## // आदेश //

प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र धारा–111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 के तहत स्वीकार किया जाकर **ग्राम कल्याणपुरा प0ह0 सुल्तानगढ भू०अ०नि० सरदारनगर तहसील बनेड़ा जिला भीलवाड़ा में स्थित प्रार्थीगण की आराजी नम्बर 148, 179/2, 179/3, 219, 317, 318, 321 कुल किता 7 रकबा 4–15 बीघा** भूमि सीमा जानकारी के लिये पत्थरगढी किये जाने का आदेश दिया जाता है। पत्थरगढी किये जाने के लिये भू0अ0निरीक्षक **सरदारनगर** को 500/– **रूपये** कमिश्नर फीस पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर उभयपक्षकरान को विधिवत नोटिस तामिल करा उन्हें मौके पर उपस्थित रहने हेतु पाबंद करावे। पत्थरगढी से पूर्व उभयपक्षकारान की लिखित सहमति प्राप्त ली जावे। लिखित सहमति पश्चात उनकी उपस्थिति में ही_पत्थरगढ़ी की कार्यवाही सम्पन्न जावें अन्यथा नहीं। कमिश्नर फीस प्रार्थीगण मौके पर जमा करावें। पत्थरगढी करने के पश्चात यदि यह पाया जाता है कि प्रार्थीगण की भूमि पर अन्य काश्तकार का या किसी अन्य व्यक्ति का कब्जा है तो ऐसी स्थिति में प्रार्थीगण को विधिवत कब्जा प्राप्त करने हेतु सक्षम न्यायालय में वाद दायर करने हेतु स्वतंत्र है। उक्त आदेश के तहत किसी प्रकार से राजस्व रेकार्ड में फेरबदल नहीं किया जावे। यदि प्रार्थीगण की उपरोक्त खातेदारी भूमि के संबंध में अन्य न्यायालयों में कार्यवाही विचाराधीन होने एंव स्थगन होने पर पत्थरगढी कार्य नही किया जावे। अतः भू0अ0निरीक्षक **सरदारनगर** जो कि उक्त प्रकरण में कमिश्नर है, मौके पर उपस्थित प्रार्थीगण व विपक्षीगण की उपस्थिति में पत्थरगढी की जाकर पर्चा मौका मय मानचित्र प्रस्तुत करे। पत्थरगढी किये जाने के लिये तहसीलदार बनेड़ा को पालना हेतु लिखा जावे। आदेश की पालना अपील अवधि समाप्ति पश्चात ही की जावे। अपील अवधि के भीतर आदेश की पालना नहीं की जावे।

निर्णय आज दिनांक **20/05/2022** को मेरे द्वारा लिखाया जाकर केम्प कोर्ट मुख्यालय **सरदारनगर** पर सुनाया गया।

(अंशुल सिंह)
उपखण्ड अधिकारी
बनेड़ा जिला भीलवाड़ा

प्रतिलपि :–

तहसीलदार बनेड़ा के पास भेजकर लेख है कि मुताबिक आदेश पक्षकारान को नोटिस तामिल करा उनकी मौजूदगी में नियमानुसार पत्थरगढी की जाकर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

Signature Not Verified

Digitally signed by Anshul Singh
Date: 2022.05.27 16:21:57 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
बनेड़ा जिला भीलवाड़ा